आनंदालय
वार्षिक परीक्षा
कक्षा: आठवीं

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 80
दिनांक : 25-02-2023 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:

- ✧ इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
- ✧ खंड 'अ' में कुल 7 प्रश्न हैं जिनमें 40 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं |
- ✧ खंड 'ब' में कुल 7 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं , आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- ✧ दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- ✧ दोनों खंडों में कुल 14 प्रश्न दिए गए है | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- ✧ यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |
- ✧ इस प्रश्नपत्र में कुल 8 पृष्ठ हैं |

## खंड- 'अ' (बहुवैकल्पिक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5X1=5)

हर किसी मनुष्य को अपने राष्ट्र के प्रति गौरव, स्वाभिमान होना आवश्यक है। राष्ट्र से जुड़े समस्त राष्ट्र प्रतीकों के प्रति भी हमें स्वाभिमान होना चाहिए। राष्ट्र प्रतीकों का यदि कोई अपमान करता है, तो उसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। प्रत्येक राष्ट्राभिमानी व्यक्ति के हृदय में अपने देश, अपने देश की संस्कृति तथा अपने देश की भाषा के प्रति प्रेम होना स्वाभाविक भावना ही है।

राष्ट्र के प्रति हर राष्ट्रवासी को राष्ट्र-हित में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने को तैयार रहना चाहिए। जिस देश के निवासियों के हृदय में यह उत्सर्ग भावना नहीं होती है, वह राष्ट्र शीघ्र ही पराधीन होकर अपनी सुख, शांति और समृद्धि को सदा के लिए खो बैठता है। देशभक्ति एवं सार्वजनिक हित के बिना राष्ट्रीय महत्ता का अस्तित्व ही नहीं रह सकता है। जिसके हृदय में राष्ट्रभक्ति है उसके हृदय में मातृभक्ति, पितृभक्ति, गुरुभक्ति, परिवार, समाज व सार्वजनिक हित की बात स्वतः ही आ जाती है।

इन उपर्युक्त भावनाओं से वह आत्मबली होकर अन्याय, अत्याचार व अमानवीयता से लड़ने को तत्पर हो जाता है तथा मानव धर्म का अनुयायी होकर धर्म एवं न्याय के पक्ष में खड़ा होता है। अतः राष्ट्र-धर्म एवं राष्ट्र-भक्ति ही सर्वोपरि है। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे तो स्वयं के प्रति, ईश्वर के प्रति एवं राष्ट्र के प्रति अनुत्तरदायी ही होंगे। किसी को हानि पहुँचाकर स्वयं के लिए अनुचित लाभ उठाना अन्याय है। अपने राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य से विमुख न होना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है|

(i) एक नागरिक के लिए सर्वोपरि क्या है?

(क) राष्ट्र-प्रेम (ख) राष्ट्र-भक्ति (ग) राष्ट्र-स्वाभिमान (घ) उपर्युक्त सभी

(ii) राष्ट्र के प्रति कर्तव्य से विमुख न होना कहलाता है -

(क) मातृभक्ति (ख) पितृभक्ति (ग) गुरुभक्ति (घ) राष्ट्रभक्ति

(iii) एक सच्चा मानव खड़ा होता है -

(क) धर्म के पक्ष में (ख) न्याय के पक्ष में

(ग) धर्म और न्याय के पक्ष में (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) किसी को हानि पहुँचाकर अनुचित लाभ उठाने को कहते हैं -

(क) न्याय (ख) धर्म (ग) अन्याय (घ) संस्कृति

(v) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक है -

(क) राष्ट्र-भक्ति (ख) राष्ट्र-धर्म (ग) राष्ट्र-भाषा (घ) राष्ट्र-नेता

2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5X1=5)

छिपा लिए सब तत्व
आवरण के नीचे ईश्वर ने
संघर्षों से खोज निकाला
उन्हें उद्यमी नर ने ।
ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है ?
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से पाया है ।
प्रकृति नहीं डरकर झुकती है,
कभी भाग्य के बल से
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से, श्रम-जल से

(i) उद्यमी नर ने संघर्ष करके क्या खोज निकाला है ?

(क) प्रकृति के रहस्य को (ख) पृथ्वी के नीचे छिपे खजाने को

(ग) नए-नए आविष्कारों को (घ) सुख- शांति

(ii) कवि के अनुसार भाग्य कौन लिखता है ?

(क) विष्णु (ख) ब्रह्मा (ग) शिव (घ) भगवान

(iii) मनुष्य ने अपना सुख किस प्रकार प्राप्त किया है ?

(क) बुद्धि के सहारे (ख) ज्ञान के सहारे (ग) ईश्वर भक्ति द्वारा (घ) भुजाओं की शक्ति से

(iv) किसके आगे प्रकृति भी हार मान लेती है ?

(क) भाग्यशाली मनुष्य के आगे (ख) ज्ञान के आगे

(ग) परिश्रमी मनुष्य के आगे (घ) विज्ञान के आगे

(v) 'श्रम-जल' से अभिप्राय है -

(क) मेहनत का पसीना (ख) मेहनत और पानी

(ग) गर्मी का पसीना (घ) मेहनत से पानी भरना

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (8X1=8)

(i) निम्नलिखित में अनुस्वार का मानक रूप कौन-सा है ?

(क) सम्भव (ख) संत (ग) झण्डा (घ) अनाड़ी

(ii) अनुनासिक के उच्चारण में ध्वनि कहाँ से निकलती है ?

(क) मुँह से (ख) नाक से (ग) मुँह और नाक दोनों से (घ) कोई नहीं

(iii) नुक्ता का सही प्रयोग किस शब्द में हुआ है -

(क) पंज़ाब (ख) ज़बलपुर (ग) ज़ेल (घ) जहाज़

(iv) प् + र् + अ + त् + इ + ष् + ठ् + आ वर्णों के मेल से बना शब्द है -

(क) परतिष्ठा (ख) प्रतिष्ठा (ग) प्रतीष्ठा (घ) परितिष्ठा

(v) किस शब्द में 'स' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है -

(क) सत्कर्म (ख) सहर्ष (ग) सजीव (घ) सफल

(vi) 'लालिमा' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है -

(क) मा (ख) इमा (ग) लाल (घ) ला

(vii) 'महिला ने <u>भूखे को</u> भोजन दिया |' रेखांकित में कारक है -

(क) संबंध (ख) कर्म (ग) संप्रदान (घ) अपादान

(viii) 'बच्चे <u>ध्यानपूर्वक</u> पढ़ रहे हैं |' रेखांकित क्रियाविशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक (ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक

4. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए - (8X1=8)

(i) 'रातोंरात ' में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) किस शब्द में द्विगु समास नहीं है -

(क) चौमासा (ख) नवयुवक (ग) तिरंगा (घ) दोपहर

(iii) 'सु + अच्छ' की संधि है -
(क) सूच्छ (ख) सौच्छ (ग) स्वच्छ (घ) सच्च

(iv) 'दशानन' में कौन-सी संधि हुई है ; भेद बताइए -
(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि (घ) यण संधि

(v) <u>'गोदान'</u> मुंशी प्रेमचंद की महान कृति है |रेखांकित शब्द में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
(क) कोष्ठक (ख) अल्पविराम (ग) अर्धविराम (घ) उद्धरण चिह्न

(vi) 'उपदेश देनेवाला स्वयं भी धर्मनिष्ठ था |' - वाक्य में सर्वनाम का भेद है -
(क) पुरुषवाचक (ख) निजवाचक (ग) अनिश्चयवाचक (घ) प्रश्नवाचक

(vii) कश्मीर घाटी में सभी सुरक्षाकर्मी ___ देश की रक्षा करते हैं| - रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए -
(क) जान हथेली पर रखकर (ख) सिर पर चढ़कर
(ग) आँखों में धुल झोंकना (घ) पगड़ी उछालकर

(viii) मुहावरे और अर्थ के अनुचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -
(क) रोड़ा अटकाना - बाधा डालना (ख) खाक छानना - दर-दर भटकना
(ग) दूध का धुला होना - निर्दोष होना (घ) कीचड़ उछालना - गंदगी फैलाना

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

हरे-हरे यह पात
डालियाँ, कलियाँ कोमल गात |
मैं ही अपना स्वप्न-मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर |
पुष्प-पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं ,
अपने नव जीवन का अमृत सहर्ष सींच दूँगा मैं ,
द्वार दिखा दूँगा फिर उनको |

(i) कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहते हैं ?
(क) मनोहर प्रभात की तरह आशा जगाना चाहते है
(ख) सुबह का इंतज़ार करना चाहते हैं
(ग) बलिदान देकर जगाना
(घ) कविता सुनाकर जगाना

(ii) कवि अपने नए जीवन के उत्साह और रचनात्मक कार्यों द्वारा किसे प्रेरित करना चाहते हैं -
(क) ईश्वर के भक्तों को (ख) महात्माओं को (ग) देश के नवयुवकों को (घ) अपने शत्रु को

(iii) काव्यांश में 'निद्रित कलियों ' से आशय है -
(क) आलस्य में डूबे हुए नवयुवक (ख) निराश कलियाँ (ग) आलसी पौधे (घ) वसंत ऋतु

(iv) 'द्वार दिखा दूँगा फिर उनको' - काव्य पंक्ति में कौन सा अलंकार है-
(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) पुनरुक्ति (घ) श्लेष

(v) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है?
(क) भगवान के डाकिए (ख) दीवानों की हस्ती (ग) साखी (घ) ध्वनि

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

समाचार-पत्रों में जो भ्रष्टाचार के प्रति आक्रोश है वह यही साबित करता है कि हम ऐसी चीजों को गलत समझते हैं और समाज से उन तत्वों की प्रतिष्ठा कम करना चाहते हैं जो गलत तरीके से धन या मान संग्रह करते हैं | दोषों का पर्दाफाश करना बुरी बात नहीं है | बुराई यह मालूम होती है कि किसी के आचरण के गलत पक्ष को उद्घाटित करते समय उसमें रस लिया जाता है और दोषोद्घाटन को एकमात्र कर्तव्य मान लिया जाता है | बुराई में रस लेना बुरी बात है | अच्छाई को उतना ही रस लेकर उजागर ना करना और भी बुरी बात है | सैकड़ों घटनाएँ ऐसी घटती हैं जिन्हें उजागर न करने से लोकचित्त में अच्छाई के प्रति अच्छी भावना जगती है | ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है परंतु बहुत कम स्थलों पर विश्वासघात नाम की चीज़ मिलती है | केवल उन्हीं बातों का हिसाब रखो जिनमें धोखा खाया है तो जीवन कष्टकर हो जाएगा परंतु ऐसी घटनाएँ भी बहुत कम नहीं है, जब लोगों ने अकारण सहायता की है | निराश मन को ढाढ़स दिया है और हिम्मत बँधाई है |

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?
(क) लाख की चूड़ियाँ (ख) कामचोर (ग) क्या निराश हुआ जाए (घ) टोपी

(ii) बुराई में रस लेना बुरी बात है लेकिन इससे भी ज़्यादा बुरी बात क्या है ?
(क) अच्छाई को उजागर न करना (ख) निंदा करना
(ग) पर्दाफ़ाश करना (घ) भ्रष्टाचार पर बोलना

(iii) मनुष्य को कैसी बातों का हिसाब रखना चाहिए ?
(क) जो कष्टकर हों (ख) जो सुनने में मीठी हों
(ग) जिनमें प्रशंसा की गई हो (घ ) जब अकारण किसी ने सहायता की हो

(iv) समाचार पत्रों में भ्रष्टाचार के प्रति आक्रोश सिद्ध करता है कि-

(क) समाज उन बातों को गलत मानता है (ख) लोग गलत तरीके से धन कमाते हैं

(ग) लोग भ्रष्टचार में उन्नति करते हैं (घ) लोगों को चर्चा करना अच्छा लगता है

(v) 'आक्रोश' का अर्थ है -

(क) क्रोध (ख) घृणा (ग) प्रसन्नता (घ) विचार

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (4X1=4)

(i) 'आखिर ये मोटे-मोटे किस काम के हैं !' - ऐसा किन्हें कहा गया है ?

(क) नौकरों को (ख) पड़ोस के बच्चों को

(ग) घर के कामचोर बच्चों को (घ) घर के बड़ों को

(ii) बस की तुलना किससे की गई है ?

(क) देवी से (ख) दुल्हन से (ग) वृद्ध महिला से (घ) युवती से

(iii) 'भगवान के डाकिए' कविता में भगवान के डाकिए किन्हें कहा गया है ?

(क) पक्षी और पर्वत (ख) पक्षी और बादल

(ग) बादल और आकाश (घ) पक्षी और आकाश

(iv) दीवानों ने अभावग्रस्त और खुशियों से वंचित लोगों में अपना प्यार किस तरह लुटाया ?

(क) स्वच्छंद रूप में (ख) सुगंध रूप में (ग) प्रतिबंध रूप में (घ) आनंद रूप में

## खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) अपने काम का उचित पारिश्रमिक (वेतन) पाना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है किंतु पद और नाम का डर दिखाकर किसी-से मुफ़्त में काम करवाना उचित है या अनुचित ? 'टोपी' पाठ के आधार पर अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए |

(ii) बाज और साँप के गुणों में तुलना करते हुए बताइए कि दोनों में कौन महान है,और क्यों ?

(iii) साइकिल आंदोलन के कारण पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-से महत्त्वपूर्ण बदलाव आए ?

(iv) मशीनी युग ने छोटे-छोटे कारीगरों को किस प्रकार प्रभावित किया है ? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए | आप इन कारीगरों की सहायता के लिए क्या प्रयास कर सकते हैं ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) मस्ती भरा जीवन जीने वाले दीवानों को लोगों से क्या उम्मीदें थीं ? वे अपने मन में किस असफलता का भार लिए घूम रहे हैं ?

(ii) बालक श्रीकृष्ण की जिन बालसुलभ जिज्ञासाओं का वर्णन हुआ है उन्हें अपने शब्दों में लिखिए ?

(iii) 'भगवान के डाकिए' कविता में कवि मनुष्य को क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(iv) 'दीवानों की हस्ती' और 'भगवान के डाकिए' कविता में से आपको कौन-सी कविता अच्छी लगी और क्यों ? तर्कसंगत उत्तर लिखिए |

10 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (1x5=5)

(क) स्वच्छता आंदोलन

- क्यों आवश्यक
- बदलाव
- हमारा उत्तरदायित्व
- उपसंहार

(ख) सत्संगति का महत्त्व

- सत्संगति का अर्थ
- सत्संग व कुसंगत का प्रभाव
- विद्यार्थी जीवन में महत्त्व
- निष्कर्ष

(ग) स्वास्थ्य की रक्षा

- जीवन में स्वास्थ्य का महत्त्व
- पोषक भोजन
- लाभकारी सुझाव
- उपसंहार

11 (क) आपके विद्यालय में कक्षा आठवीं-नौवीं के विद्यार्थियों को एनसीसी में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाता है | इससे होने वाले लाभों का वर्णन करते हुए अपने प्रधानाचार्य को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) आपके मित्र को 'गणतंत्र दिवस' पर राज्य सरकार द्वारा 'वीर बालक/बालिका' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है | उसके इस प्रशंसनीय कार्य के लिए उसे बधाई देते हुए लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए |

12 (क) विद्यालय में आयोजित होने जा रही 'देशभक्ति गीत गायन' प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव होने के नाते लगभग 70-80 शब्दों में सूचना लिखिए | (1x5=5)

अथवा

(ख) अपनी बस्ती को स्वच्छ रखने हेतु कल्याण समिति के सचिव होने के नाते इससे संबंधित लगभग 70-80 शब्दों में सूचना लिखिए |

13 (क) अपने विद्यालय में होनेवाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से संबंधित लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए | (1x3=3)

अथवा

(ख) रजिस्टर तथा कापियाँ बनाने वाली 'पत्रलेखा कंपनी' के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

14 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर मन में उभरने वाले विचारों को लगभग 70-80 शब्दों में लिखिए | विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से संबंधित होना चाहिए | (1x4=4)

